भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
31.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1386 का उत्तर

अम्बिकापुर से नई दिल्ली के बीच रेलगाड़ी

1386. श्री चिन्तामणि महाराज:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार अम्बिकापुर क्षेत्र के छह जिलों के यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए अम्बिकापुर से नई दिल्ली के लिए पूर्णतः बुक की गई रेलगाड़ी के फेरे बढ़ाने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): इस समय दिल्ली (हजरत निजामुद्दीन) अंबिकापुर एक्सप्रेस को एक जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ी सेवा द्वारा सेवित किया जा रहा है, जो साप्ताहिक सेवा के रूप में परिचालित की जाती है। भारतीय रेल पर गाड़ी सेवाओं के फेरे बढ़ाना एक सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, वाणिज्यिक औचित्य आदि के अध्यधीन है।

****